पाठ 10

# मनोज का हिसाब

950116

मनोज विभिन्न मूल्यों के नोट को सिक्कों में बदलना जानता है।
वह इन्हें कुछ इस प्रकार बदलता है –




क्या तुम भी अन्य तरीकों से रुपये के नोट को विभिन्न सिक्कों में बदल सकते हो ?

सोचो और लिखो–

- 5 रुपये के एक नोट को 2 रुपये के ......... सिक्के और 1 रुपये के .......... सिक्के से बदल सकते हैं।
- 10 रुपये के एक नोट को 5 रुपये के ...... सिक्के, 2 रुपये के ...... सिक्के और 1 रुपये ...... सिक्के से बदल सकते हैं।
- 20 रुपये के एक नोट को 10 रुपये के ....... नोट से बदल सकते हैं।
- 25 रुपये में 10 रुपये के ...... नोट तथा 5 रुपये के ...... नोट हो सकते हैं।



देखो–



अब बताओ–

- 500 रुपये में 100 रुपये के ............... नोट
- 100 रुपये में 50 रुपये के ............... नोट
- 50 रुपये में 10 रुपये के ............... नोट

कुल कीमत बताओ–



| | |
|---|---|
| ₹36 | छत्तीस रुपये |
| ...... | ............ |
| ...... | ............ |
| ...... | ............ |

अपने घर में आए विभिन्न सामानों पर अंकित मूल्य को देखो और लिखो–

| सामान का नाम | मूल्य |
|---|---|
| ..................... | ₹............ |
| ..................... | ₹............ |
| ..................... | ₹............ |
| ..................... | ₹............ |
| ..................... | ₹............ |

जोड़–

मनोज और उसके दोस्त मेला गए। मनोज ने कुछ सामान खरीदा। देखें उसने कुल कितने का सामान खरीदा ? आओ उसकी मदद करें।

| सामान का नाम | मूल्य |
|---|---|
| खिलौने | ₹ 135 |
| मिठाई | ₹ 48 |
| कुल खर्च | ₹ 183 |

मनोज ने कुल 183 रुपये खर्च किए। उसने दुकानदार को 100 रुपये का एक नोट, 50 रुपये का एक नोट, 10 रुपये के तीन नोट तथा 1 रुपये के तीन सिक्के दिए।

| नोट या सिक्के | | रुपये |
|---|---|---|
| 100 X 1 | = | ₹ 100 |
| 50 X 1 | = | ₹ 50 |
| 10 X 3 | = | ₹ 30 |
| 1 X 3 | = | ₹ 3 |
| कुल योग | | ₹ 183 |

तुम कितने तरीकों से दुकानदार को 183 रुपये दे सकते हो?



घटाना–

यदि मनोज दुकानदार को 100–100 रुपये के दो नोट देता तो दुकानदार उसे कितने रुपये लौटाता ?

```
  ₹ 200
– ₹ 183
  ₹ 017
```

मनोज ने मिठाई खरीदने की तुलना में खिलौने पर कितने ज्यादा रुपये खर्च किए ?

| | |
|---|---|
| खिलौने पर खर्च– | ₹ 135 |
| मिठाई पर खर्च– | – ₹ 48 |
| दोनों का अन्तर | ₹ 87 |

मनोज ने खिलौने पर 87 रुपये ज्यादा खर्च किए।

## अभ्यास

1. मिलान करो–

| | |
|---|---|
| 20 रुपये के पाँच नोट | ₹ 200 |
| 50 रुपये के चार नोट | ₹ 150 |
| 100 रुपये के छह नोट | ₹ 100 |
| 10 रुपये के पन्द्रह नोट | ₹ 50 |
| 5 रुपये के दस नोट | ₹ 600 |

[redacted]

2. नीचे दी गई कीमतों को शब्दों में लिखो–

₹ 57 = ...................................................

₹ 205 = ...................................................

₹ 116 = ...................................................

₹ 425 = ...................................................

₹ 672 = ...................................................

3. जोड़ो–

| | |
|---|---|
| ₹146 | ₹515 |
| + ₹235 | + ₹165 |
| ______ | ______ |

4. घटाओ–

| | |
|---|---|
| ₹900 | ₹620 |
| − ₹425 | − ₹316 |
| ______ | ______ |

5. पुलकित ने ₹ 125 के आम और ₹ 220 के अनार खरीदे। उसने कुल कितने रुपये खर्च किए?


6. रीना ने ₹ 75 का पर्स खरीदा। उसने दुकानदार को ₹100 का एक नोट दिया। दुकानदार उसे कितने रुपये वापस करेगा?

7. टीना के खिलौने का मूल्य ₹ 85 और राहुल के खिलौने का मूल्य ₹ 50 है तो दोनों खिलौनों के मूल्य में कितना अन्तर है?



# कितना सीखा ?

1. आकृतियों को पहचानो और इनके नाम लिखो –



........ ........ ........ ........ ........

2. पूरा करो –

(क) दो बिंदुओं को पटरी और पेंसिल से मिलाने पर ........ बनता है।

(ख) त्रिभुज में ........ भुजाएँ होती हैं।

(ग) आयत की आमने–सामने की भुजाएँ ........ होती हैं।

(घ) वर्ग की ........ भुजाएँ बराबर होती हैं।

3. एक त्रिभुज की तीनों भुजाएँ 4 सेमी, 5 सेमी, तथा 6 सेमी हैं। त्रिभुज का परिमाप ज्ञात करो।

4. वर्ग की एक भुजा 3 सेमी है। वर्ग का परिमाप बताओ।

5. नंदू 10 रुपये के 2 नोट लेकर चीनी लेने गया। उसने 12 रुपये की चीनी खरीदी तो बताओ –

(क) दुकानदार 5 रुपये का एक नोट तथा शेष एक–एक रुपये के कितने नोट वापस देगा ?

(ख) दुकानदार यदि दो–दो रुपये के नोट वापस करे तो कुल कितने नोट वापस करेगा ?

6. 10 रुपये के 3 नोट तथा 5 रुपये का 1 नोट मिलाकर एक रुपये के कितने नोटों के बराबर होगा ?

7. बिखरे रोमन अंकों को क्रम में लगाओ – X, IV, I, II, VIII, VII, III, VI, V, IX